अमर उजाला 21/03/2023

# अग्निवीर वायु योजना की दी जानकारी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता और प्लेसमेंट कमेटी की संयोजक में डॉ. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में हुआ। इसमें एयरमैन सेलेक्शन अंबाला कैंट के पदाधिकारी वॉरंट ऑफिसर सुभाष साहू और कॉरपोरल परवेज ने महाविद्यालय में 104 विद्यार्थियों को अग्निवीर वायु योजना में चयन के बारे में अवगत कराया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य ने किया। उन्होंने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है कि शिक्षा ग्रहण करते हुए भी विद्यार्थी किसी संस्था में कार्यरत हो जाएं। हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि अंबाला छावनी और अन्य शहरों और पूरे राष्ट्र से जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए ऐसे सार्थक अवसर प्रदान करके उन्हें रोजगार प्रदान करते हैं। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रवनीत कौर, प्रो. अमनीश और टीपीओ श्याम रहेजा उपस्थित रहे। संवाद